मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः19.01.2025

थाना को0देहात पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित कबाड़ व्यवसायी सहित 04 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की सामान बरामद —

थाना को0देहात जनपद मीरजापुर पर दिनांकः18.01.2025 को वादी अफजाल शेख पुत्र इकबाल शेख निवासी पहाड़ी रैबना आरटीओ ऑफिस के पास थाना को0देहात जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात चोरों के विरूद्ध वादी के घर में घुसकर लोहे का एंगल, जिम का सामान, लोहे की सीढ़ी व खलबट्टा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-11/2025 धारा 331(4),305 बीएनएस अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में अभियुक्तों की य़थाशीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी के माल की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः19.01.2025 को थाना को0देहात पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में पतारसी सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्रान्तर्गत आरटीओ कार्यालय मार्ग आक्सीजन प्लांट पुलिया के पास से 03 अभियुक्तो 1.इन्द्रजीत सरोज 2.मोनू विश्वकर्मा व 3.सुरेश सोनकर को हिरासत में लिया गया, जिनके द्वारा उक्त चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया गया कि उनके द्वारा दिनांकः14.01.2025 को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। चोरी की सामानों को जंगी रोड काजीतलाब में कबाड़ व्यवसायी अनिल कुमार अग्रहरी को बेच दिया गया और बिक्री की प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया गया। थाना को0कटरा क्षेत्रान्तर्गत कबाड़ व्यवसायी की दुकान से चोरी की सामान एक अदद दरवाजे का फ्रेम, एक अदद सीढ़ी व एक अदद खलबट्टा बरामद करते हुए कबाड़ व्यवसायी व तीन अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.इन्द्रजीत सरोज उर्फ गोलू पुत्र टॉपू सरोज निवासी आरटीओ कार्यालय रैबना पहाड़ी थाना को0देहात जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-18वर्ष।

2.मोनू विश्वकर्मा पुत्र स्व0सुरेश विश्वकर्मा निवासी आरटीओ कार्यालय रैबना पहाड़ी थाना को0देहात जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-26वर्ष।

3.सुरेश सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर निवासी हनुमान पड़रा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-21वर्ष।

4.अनिल कुमार अग्रहरि(कबाड़ व्यवसायी) पुत्र स्व0बाबूलाल अग्रहरि निवासी जंगी रोड थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-50वर्ष।

विवरण बरामदगी —

01 अदद दरवाजे का फ्रेम लोहे का, 01 अदद लोहे की सीढ़ी व 01 अदद खलबट्टा।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-11/2025 धारा 331(4),305,317(2),317(5) बीएनएस थाना को0देहात जनदप मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक संजय सिंह चौ0प्र0बरकछा, थाना को0देहात जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी राजेश यादव, राजेश पासवान व आरक्षी संतोष पासवान।

थाना-कोतवाली देहात
जनपद- - मीरजापुर
Mob. : 9454404012
Utkarsh Small Finance Bank